# बैठक कार्यवृत्त दिनांक 04.07.2025

डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद द्वार पत्र सं0 3013 दिनांक 29.01.2025 के माध्यम से केन्द्रीय विहार–2, अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु अधोहस्ताक्षरी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिसके कम में कार्यालय पत्र सं0 345 दिनांक 18.06.2025 द्वारा निर्वाचन कार्यकम जारी किया गया था। **निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार ससमय कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु दिनांक 04.07.2025 को सांय 06:00 बजे से 07:00 बजे तक** कालातीत/कार्यरत अध्यक्ष, सचिव एवं ए0ओ0ए0 समिति के समस्त सदस्य तथा निर्वाचन समिति के सदस्यों के साथ **बैठक आयोजित की गई थी।**

उपरोक्त बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी एवं अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

| क0सं0 | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | श्री शशि भूषण यादव | अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग |
| 02 | श्री हिमांशु | वरिष्ठ सहायक, समाज कल्याण विभाग। |
| 03 | श्री कृष्णा त्यागी | कालातीत/कार्यरत अध्यक्ष |
| 04 | श्री मोहन लाल शर्मा | कालातीत/कार्यरत उपाध्यक्ष |
| 05 | श्री रमेश शर्मा | कालातीत/कार्यरत सचिव |
| 06 | श्री सी0बी0 पटेल | कालातीत/कार्यरत कोषाध्यक्ष |
| 07 | श्री दिनेश कुमार | कालातीत/कार्यरत सदस्य |
| 08 | श्री टी0 सी0 केन | कालातीत/कार्यरत सदस्य |
| 09 | श्री पी0 सी0 | कालातीत/कार्यरत सदस्य |
| 10 | श्री काशीनाथ राम | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 11 | श्री जतीराम | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 12. | श्री नीरज कुमार जायसवाल | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 13. | श्री पी0सी0 त्रिपाठी | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 14. | श्री राहुल गोयल | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 15. | श्री सुरेश कुमार नायर | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 16. | श्री राज कुमार वर्मा | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 17. | श्री आर0 सी0 मंगला | निर्वाचन समिति सदस्य |
| 18. | श्री गजानन पी0 धोपे | निर्वाचन समिति सदस्य |

सर्वप्रथम सभी का बैठक में स्वागत किया गया और कालातीत/कार्यरत अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं निर्वाचन समिति सदस्यों से निर्वाचन कार्यक्रम के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। सभी के द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिये गये एवं दिशा–निर्देश चाहा गया।

1. समस्त द्वारा मेंटनेंस बकाया शुल्क जमा करने हेतु अतिरिक्त समय दिये जाने के सम्बन्ध मे पृच्छा की गयी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया कि यदि अतिरिक्त समय दिया जाता है तो निर्वाचन तिथि को आगे बढाना अनिवार्य हो जायेगा। इसीलिए कालातीत/कार्यरत सचिव को दिनांक 05.07.2025 एवं 06.07.2025 का अतिरिक्त समय दिया जाता है कि वे डिफॉल्टर सूची में यदि किसी का शुल्क पूर्व में जमा हो गया है तो उसे अद्यतन कर अद्यतन सूची दिनांक 07.07.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध करा दें। ताकि दिनांक 07.07.2025 को अन्तिम मतदाता सूची चस्पा की जा सके।
2. यू0पी0 अपार्टमेन्ट एक्ट की धारा 3(j) को पढ़ जा सकता है। परन्तु निर्वाचन में अधिक से अधिक संख्या में व्यक्ति प्रतिभाग कर सके। अतः कॉमन एक्सपेंस में प्रति महीना मेंटनेंस शुल्क को लिया गया है।
3. निर्वाचन समिति के कार्य एव जिम्मदारियां पृथक से जारी की जायेगी और सम्भवतः दिनांक 07.07.2025 तक उपलब्ध करा दी जायेगी।
4. कालातीत/कार्यरत अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि निर्वाचन से सम्बन्धित समस्त पत्र My gate app, वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगे। उक्त पर अधोहस्ताक्षरी के साथ समस्त द्वारा सहमति प्रदान की गई।

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्वाचन में होने वाले व्यय जैसे– टैन्ट का सामान, कर्मचारियों व पुलिस बल के जलपान, प्रोजेक्टर, बैलट पेपर छपाई, वीडियोग्राफी एवं कर्मचारियों का टी0ए0, डी0ए0 के सम्बन्ध मे चर्चा की गई। कालातीत / कार्यरत अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि टैन्ट का सामान, कर्मचारियों व पुलिस बल के जलपान, प्रोजेक्टर की व्यवस्था उनके स्वयं के द्वारा की जायेगी तथा बैलट पेपर छपाई, वीडियोग्राफी एवं कर्मचारियों का टी0ए0, डी0ए0 के बिल प्रस्तुत करने पर बी0ओ0एम0 द्वारा भुगतान किया जायेगा। जिस पर समस्त द्वारा सहमति प्रदान की गई।

6. समस्त के द्वारा यह भी पृच्छा की गयी कि यदि नामांकन हेतु 01 दिन का अतिरिक्त समय और दिया जाना उचित होगा। उक्त के सम्बनध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आश्वासन दिया गया कि संशोधित निर्वाचन कार्यकम जारी किया जायेगा।

7. समस्त को अवगत कराया गया कि निर्वाचन से सम्बन्धित एस0ओ0पी0 दिनांक 07.07.2025 तक जारी कर दी जायेगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि कोई और पृच्छा हो तो कालातीत / कार्यरत अध्यक्ष / सचिव, निर्वाचन समिति सदस्य सीधे अधोहस्ताक्षरी अथवा मेंरे सहायक श्री हिमांशु, वरिष्ठ सहायक व श्री सारांश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहयक से सम्पर्क कर सकते है। निर्वाचन में उक्त दोनों कर्मचारी मेरे प्रतिनिधि / सहायक के रूप में कार्य करेंगे।

बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

निर्वाचन अधिकारी /
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
गौतमबुद्धनगर

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक ५५५ / अधि0अभि0 / निर्वाचन / 2025–26 दिनांक–05/07/25

**प्रतिलिपि** निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
3. डिप्टी रजिस्ट्रार, सोसाईटीज, चिट्स फण्ड, गाजियाबाद।
4. कालातीत / कार्यरत अध्यक्ष / सचिव, केन्द्रीय विहार–2, सेक्टर–82, नोएडा को इस निर्देश के साथ कि पत्र को My gate app, वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
5. निर्वाचन समिति, केन्द्रीय विहार–2, सेक्टर–82, नोएडा।

निर्वाचन अधिकारी /
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
गौतमबुद्धनगर